लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2080
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
वर्ष 4, अंक 354, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये
बरेली, मंगलवार, 7 नवंबर 2023
www.amritvichar.com

PAGE NO : 02TOP

● एसआरएमएस सीईटी मे एकेटीयू की जोनल फेस्ट 9 बजे।

PAGE NO : 05TOP

एकेटीयू की जोनल खेल प्रतियोगिता आज से

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डॉ. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की जोनल स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता मंगलवार को सुबह 9 बजे शुरू होगी। डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में बरेली और मुरादाबाद मंडल के साथ ही सीतापुर के प्रोफेशन कोर्स (इंजीनियरिंग, फार्मेसी, वीआर्क, बीटैक, एमफार्म, एमटैक, एमबीए, एमसीए) के 41 कालेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे। महिला और पुरुष वर्ग की एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, टीटी, कबड्डी, खो-खो, वालीबाल और शतरंज की स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। साढ़े चार सौ खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 1 व 2 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होगी। डॉ. सोवन मोहंती, शंकरपाल गंगवार आदि मौजूद रहे।